(२४)

**Ques:—** Discuss the symptoms and etiology of Paranoid reaction.

**Ans:—**

(X)

सबसे पहले 1893 में KRAEPELIN ने इसे एक ऐसा मानसिक रोग बतलाया, जिसमें व्यक्ति को delusion बिना किसी personality loss के ही होने लगता है। साधारणतः psychoses का यह रोग 40 से 45 वर्ष की उम्र के बीच सबसे अधिक होता है। Paranoid reaction दो प्रकार के हो सकते हैं —

① <u>Paranoia</u>:— इसमें धीरे-2 delusion बढ़ता जाता है और व्यक्तित्व में कोई अन्तर नहीं पड़ता है।

② <u>Paranoid State</u>:— इसमें delusion एक ढंग से नहीं होता है और साथ में रोगी Hallucination भी अनुभव करता है। यह रोग उपस्थित stress situation से जन्म लेता है और tension समाप्त होते ही रोग के symptoms भी समाप्त हो जाते हैं।

(X) PAGE के अनुसार — "Paranoia is a constitutional mental disorder that is limited in symptomology to well-systematized and stable delusions of persecution and grandeur."

## <u>Symptoms of Paranoia</u>

जहाँ तक paranoia के symptoms का सवाल है — ये बहुत ही clear cut होते हैं। रोगी को अनुभव होता है कि उन्हें अलग कर दिया गया है और उनके साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है या उसके खिलाफ कोई बड़ी साजिश की जा रही है। रोगी में ज़्यादातर delusion रुपये-पैसों से सम्बन्धित मामलों को लेकर होते हैं। ऐसा रोगी अपने विश्वास के पक्ष में जितनी भी बातें व्यक्त करता है, उसके विरुद्ध कोई भी बातें सुनने को तैयार नहीं रहता है। रोगी में दो प्रकार के delusions होते हैं —

ⓐ <u>Delusion of Persecution.</u>

ⓑ <u>Delusion of Grandeur.</u>

हालांकि रोगी में पहला delusion ही ज़्यादातर देखा जाता है, जिसमें उसे दुख और साजिश का अनुभव होता है मगर दूसरे तरह का delusion भी कभी-2 होता है, जिसमें रोगी अपने को superior प्रमाणित करता है। कुल मिलाकर

रोगी का delusion इतना धीरे-2 और सिलसिलेवार ढंग से उसके समय के दौरान बनकर तैयार होता है कि सुननेवाले को भी Logical लगता है। Psychotherapy का उद्देश्य इन्हें धीरे-2 कम कर delusional system को उखाड़ फेंकना होता है। बड़े-2 नेता, चाहे वह धर्म प्रचारक हों या राजनीतिज्ञ — ऐसी ही paranoid ten-dency दिखाते हैं। ऐसा रोगी बातचीत में emotion और conduct में पूरी तरह normal दिखता है। ऐसे लोग हमेशा खतरनाक ही हों — यह कोई जरूरी नहीं। कभी-2 ये कानून को अपने हाथ में ले लेते हैं और दुश्मन के रूबरू हो लेते हैं। एक report से पता चलता है कि क्योंकि एक रोगी ने समझ लिया कि Board of School उसके विरुद्ध है, तो उसने Board के हर सदस्य को जान से मार डाला। ऐसे दूसरे case में ऐसे ही रोगी ने सात लोगों की टोली को इसलिए मार दिया क्योंकि वह उन्हें अपना पीछा करने वाला समझता था। Political murders के पीछे भी ऐसे Paranoic रहा करते हैं।

## Symptoms of Paranoid State

जहाँ तक Paranoid state के symptoms का सवाल है, यहाँ sudden stress के कारण रोग उभरता है। यहाँ रोगी का thought, न reality और न Person-ality ही disorganised होता है। Delusions एकाएक बनते हैं और कभी-2 बिना किसी इलाज के ही इनके symptoms समाप्त हो जाते हैं। हाँ! पर कुछ रोगियों में रोग के symptoms लम्बे समय तक भी चलते रहते हैं। यहाँ delusion सही नहीं होते हैं। और कभी कुछ तो कभी कुछ और साथ में Hallucination भी होते हैं। Delusion कभी भी logical नहीं लगता है।

दोनों रोगों के symptoms तो अलग-2 होते हैं, मगर इनके कारण एक ही रहा करते हैं। कुछ

causes उन्हें surface पर ले आते हैं तो कुछ रोग के लक्षणों को उत्पन्न करते हैं। अध्ययनों के आधार पर ऐसे तीन कारणों का पता चला है, जो आपस में interaction कर रोग को जन्म देते हैं;—

① **Biological factors** :— कुछ अध्ययनों से Heredity के महत्व का पता चला है, फिर भी अधिकतम नतीजे को conclusive नहीं माना गया है। FUNDING ने 148 रोगियों का अध्ययन किया, जो 20 वर्ष के बाद Paranoid हुए थे। अध्ययन से पता चला कि इनके relatives में दूसरे psychoses उपस्थित थे, लेकिन Paranoia के रोग कम ही थे। कुछ अध्ययन से रोग के जन्म और body type के बीच के सम्बन्ध का पता नहीं चला, लेकिन POLLAK ने देखा कि ऐसे रोगियों में दूसरे की अपेक्षा चार गुणा अधिक endo--crine gland खराब थे। इसलिए बेमेल conflicting नतीजे को देखते हुए हम इतना ही कह सकते हैं कि इस रोग के पीछे Biological factor के शामिल होने को different ढंग से देखना आसान नहीं है क्योंकि यह दूसरे factors के साथ मिलकर रोग उत्पन्न करते हैं।

② **Psychological factors** :— अध्ययनों के आधार पर इस factors के महत्व के बारे में different रूप से प्रमाण मिले हैं।

ⓐ **Faulty Learning and Personality development** :— यह approach मानता है कि Paranoia बाल्यकाल के मुख्य defective personality organization के कारण जन्म लेता है। अध्ययन से पता चला है कि ये बाल्यकाल में अकेलापन, जिद्दी, और दूसरों के विरुद्ध react करने वाले ~~[illegible]~~ होते हैं। इसका कारण पूछा जाने पर वे चुप और उदास हो जाते हैं। SCHWARTZ ने बताया कि Paranoid बच्चे शायद ही कभी दूसरे बच्चों के साथ खेलते या करीबी रिश्ता रखते हैं। इनका family background बड़ा ही तानाशाह, suppressive और critical होता है। social relation में मिलने वाले लगातार failure के कारण उनका self prestige बहुत घट जाता है और वह धीरे-2 समाज से अलग रहने लगते हैं और दूसरों पर से उनका विश्वास समाप्त होने लगता है। बाल्यकाल के इस life style का

उनके life style का adult life पर काफी प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि वे आगे चलकर Rigid, egoist, unrealistic और suspicious हो जाते हैं। छोटे से किशोर में भी वे अपनी प्रशंसा सुनना चाहते हैं और तैयार न होने पर वे क्रुद्ध हो जाते हैं।

ⓑ <u>Failure and Inferiority</u> :— रोगी के जीवन में असफलता मिलने, वास्तविकता से समझौता न करने की प्रवृत्ति के कारण उनका vocational, social और marital life बिल्कुल समाप्त हो जाता है। वे अपने को झूठा समझने लगते हैं। वे नहीं जानते कि failure का असली कारण क्या है, बल्कि वे केवल सोचते रहते हैं कि आखिर जीवन में परिश्रम के बाद भी लोग इनसे घृणा क्यों करते हैं। ऐसा रोगी Projection का सहारा लेकर अपने को बेकार समझने से बचा लेता है।

ⓒ <u>Elaboration of defenses and the Pseudo-world community</u> :— अब रोगी केवल Projection का ही सहारा नहीं लेता, बल्कि नई defenses भी इसके साथ काम करने लगते हैं। Defenses के इस फैलाव से वह अपने आस-पास एक ऐसा झूठा संसार रचा लेता है, जहाँ वह अपने real और imagined लोगों को अपने ही विरुद्ध साजिश बनाता हुआ देखता है। रोगी में यह delusion ज्यों-ज्यों बनता है, उसका संदेह पहले से अधिक गहरा हो जाता है और वह प्रकार तील का ताड़ खड़ा कर लेता है।

ⓓ <u>Sexual maladjustment</u> :— कुछ लोग इस रोग का कारण sexual maladjustment समझते हैं। अक्सर Paranoid का लालन-पालन कठोर sexual morality के बीच होता है, इसलिए वह अपने normal sexual impulses को भी पाप समझता है। Delusion बनने के पीछे FREUD homosexuality का भी हाथ मानते हैं, लेकिन आज FREUD की बात सही नहीं मानी जाती।

ⓔ <u>Projection of Guilt</u> :— कुछ delusion बनने में रोगी के अपने immoral act से पैदा हुए guilt feeling का भी हाथ होता है। इसीलिए आए दिन रोगी अपनी कमजोरी

Scanned with CamScanner

और guilt feeling को दूसरों पर मढ़ देता है।

③ **Sociological factors:**— कुछ social causes से भी रोगी का बनना और विकसित रहना होता है। Paranoid आमतौर से high education और socio-economic level से आया करते हैं। इनके social goal इतने ऊँचे होते हैं कि इन्हें प्राप्त करना कठिन होता है और यहीं से इनमें complexes बनने की शुरुआत होती है। अपने goals पाने के लिए रोगी काफी struggle भी करते हैं, मगर अधिकतर उन्हें frustra-tion ही हाथ लगता है।

इस प्रकार Paranoia और Paranoid state में सबसे बड़ा अन्तर symptoms का अलग-2 होना है, न कि life stresses का result होता है, जबकि Paranoid state के कारण sudden stress होता है। यह एक temporary state है, मगर Paranoia काफी समय तक पीछा नहीं छोड़ता और न इसका जल्दी cure ही होता है।

S.Malti